# शहर की जीवनरेखा सड़क निर्माण में विधायक बने बाधक

## पीएम आवास में रहवासियों को विस्थापित करने का कर रहे विरोध


महापौर


विधायक

नव भारत न्यूज

**इंदौर. महापौर के ड्रीम प्रोजेक्ट धार रोड चंदन नगर से एयरपोर्ट रोड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण में विधायक ही बाधक बन गए हैं. विधायक चंदन नगर के रहवासियों को अपने क्षेत्र में विस्थापन करने का विरोध कर रहे है, जबकि रहवासी जाने को तैयार है. उपरोक्त कारण से महापौर के ड्रीम प्रोजेक्ट वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है.**

नगर निगम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महापौर पुष्यमित्र भार्गव के ड्रीम प्रोजेक्ट में राऊ विधायक मधु वर्मा बाधक बन गए है. बताया जाता है कि विधायक मधु वर्मा चंदन नगर के दो सौ से ज्यादा विस्थापितों को राऊ विधानसभा में तैयार पीएम आवास योजना के फ्लेट में स्थानांतरित करने का विरोध कर रहे हैं. चर्चा है कि उन्होंने अधिकारियों और महापौर को स्पष्ट मना किया है कि मुस्लिम लोगों को मेरे क्षेत्र में विस्थापित नहीं किया जाए. वह भी उस स्थिति में जब चंदन नगर के रहवासी सड़क निर्माण में सहयोग करते हुए पीएम आवास के फ्लैट में जाने तैयार हैं. कहा जा रहा है कि क्षेत्रीय पार्षद पति रफीक खान ने निगम की सड़क के लिए महापौर को विस्थापित करने पर सहमति दे दी है, सिर्फ राऊ विधायक मधु वर्मा के विरोध से शहर की संभावित जीवन रेखा सड़क नहीं बन पा रही है. ध्यान रहे कि महापौर ने राज्य सरकार से लेकर स्थानीय प्रशासन तक से सड़क निर्माण को लेकर हर अड़चन दूर कर सभी विभागों से निगम को अनुमतियां दिलवाई. आज शहर के पश्चिम क्षेत्र में जीवन रेखा सड़क निर्माण करना महापौर का एक सूत्रीय अभियान है.

### वर्क आर्डर तक हो चुका

चंदन नगर से नंदन नगर, नगीन नगर से होते हुए कालानी नगर चौराहे तक करीब तीन किलोमीटर लंबी और 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए निर्माण एजेंसी को वर्क ऑर्डर तक हो चुका है और 20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होगी. उक्त सड़क निर्माण का करीब 35 साल से पश्चिम क्षेत्र के रहवासी इंतजार कर रहे है. जब नगर निगम महापौर भार्गव के एक सूत्रीय अभियान से सड़क का बनने का रास्ता साफ हुआ, तो भाजपा और सत्ताधारी दल के विधायक मधु वर्मा ही सड़क निर्माण में बाधक बन गए हैं. उक्त मामले में विधायक मधु वर्मा से बात करने की लेकर कॉल किया था, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.



# विकसित भारत के निर्माण में होगी युवाओं की निर्णायक भूमिका

- एसजीएसआईटीएस में बोले मंत्री इंदरसिंह परमार
- अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा का अनावरण
- उद्भव-2026 कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को अहम बताते हुए उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज के विद्यार्थी वर्ष 2047 के भारत की तस्वीर तय करेंगे। इसलिए, उन्हें केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

बुधवार को एसजीएसआईटीएस में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित उद्भव-2026 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री परमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति शिक्षा को भारतीय संस्कृति, नवाचार और शोध से जोड़ रही है. उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं के समाधान तैयार करना भी है. मंत्री ने कहा कि एसजीएसआईटीएस देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल है और यहां से निकले विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है. उन्होंने बताया कि संस्थान अगले वर्ष अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे करेगा, जो इंदौर के लिए भी गौरव का विषय है. कार्यक्रम के दौरान मंत्री परमार ने परिसर में स्थापित लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा का अनावरण किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में अध्ययन की सुविधा देने की दिशा में भी काम किया जा रहा है, ताकि वे देश के किसी भी हिस्से में शिक्षा और रोजगार के अवसरों का लाभ आसानी से उठा सकें. खासगी ट्रस्ट के अध्यक्ष यशवंत राव होलकर तृतीय ने अहिल्याबाई होलकर के सुशासन और लोककल्याणकारी कार्यों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया.

### विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

पद्मश्री प्रो. डी.बी. फाटक ने कहा कि एसजीएसआईटीएस ने देश को अनेक उत्कृष्ट इंजीनियर और वैज्ञानिक दिए हैं तथा नई पीढ़ी से भी ऐसी ही उपलब्धियों की उम्मीद है. कार्यक्रम में झाबुआ पॉलीटेक्निक के इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए. संस्थान के निदेशक डॉ. नितेश पुरोहित ने बताया कि सामुदायिक पाठ्यक्रम के तहत सैकड़ों विद्यार्थी सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर कार्य कर रहे हैं, जबकि अनेक विद्यार्थी प्रदेश के गांवों में रहकर ग्रामीण जीवन और विकास की चुनौतियों को समझने का प्रयास किया है.

## एक नजर में

### एलजी ने प्रीमियम टीवी पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**इंदौर.** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपने 2026 एआई टीवी लाइनअप की घोषणा की है, जिसमें अल्ट्रा-लार्ज स्क्रीन और मिनी एलईडी तकनीक को इसकी प्रीमियम टेलीविज़न रणनीति के केंद्र में रखा गया है. चूंकि भारतीय उपभोक्ता तेजी से ओटीटी स्ट्रीमिंग, लाइव स्पोर्ट्स और गेमिंग के लिए बड़ी स्क्रीन की ओर रुख कर रहे हैं, इसलिए एलजी की क्यूएनईडी ईवो मिनी एलईडी रेंज इस लॉन्चिंग का मुख्य आकर्षण है. इसमें 292 सेमी (115-इंच) का फ्लैगशिप मॉडल शामिल है, जो एलजी द्वारा भारतीय बाज़ार में अब तक पेश की गई सबसे बड़ी मिनी एलईडी स्क्रीन है. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मीडिया एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन के निदेशक, ब्रायन जंग ने कहा भारत में बड़ी स्क्रीन की मांग पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से बढ़ रही है, और मिनी एलईडी के ज़रिए हम इस मांग को बड़े पैमाने पर पूरा कर रहे हैं. इस साल की रेंज में हमारे 292 सेमी (115-इंच) के क्यूएनईडी ईवो मिनी एलईडी फ्लैगशिप टीवी के साथ-साथ ओएलईडी ईवो, माइक्रो आरजीबी ईवो और नैनो 4के यूएचडी पोर्टफोलियो शामिल हैं. इनके ज़रिए हम स्टेडियम जैसे स्पोर्ट्स अनुभव, सिनेमाई डिटेल्स और नेक्स्ट-जेनरेशन एआई प्रोसेसिंग को देश भर के लिविंग रूम तक पहुंचा रहे हैं.

### अमेज़न इंडिया की ग्रेट फ्रीडम सेल 7 अगस्त से

**इंदौर.** अमेज़न इंडिया ने घोषणा की है कि उसकी ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 आगामी 7 अगस्त को रात 12 बजेसे लाइव हो जाएगी. इस सेल में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन, बड़े इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेज, ग्रोसरी और रोज़मर्रा की ज़रूरतों सहित कई कैटेगरी में द्वारा चुने गए उत्पादों की एक विस्तृत रेंज मिलेगी. यह सेल सभी कैटेगरी में भारतीय ब्रांड्स और स्थानीय कारीगरी को भी बढ़ावा देती है. ग्राहक सैमसंग, सोनी, एलजी, शाओमी, टीसीएल,प्यूमा, सेटाफिल, अमेरिकन टूरिस्टर, नेस्टोरिया लिविंग, पिंटोला, डेटॉल और हिमालया जैसे टॉप ब्रांड्स पर शानदार डील्स का लाभ उठा सकते हैं. सेल के दौरान ग्राहक टॉप 100 डील्स, ब्लॉकबस्टर डील्स, ट्रेंडिंग डील्स और रात 8 बजे की डील्सके ज़रिए बंपर बचत कर सकते हैं. इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईजी ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10% का इंस्टेंट डिस्काउंट, चुनिंदा क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई और 2,000 रुपए तक के कैशबैक रिवॉर्ड्स भी मिलेंगे. प्राइम मेंबर्स 2 लाख से अधिक उत्पादों पर अतिरिक्त 5% की छूट का फायदा उठा सकते हैं.

### प्रदेश में दंत चिकित्सक परीक्षा में डॉ. रूपाली प्रथम



**इंदौर.** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने दंत चिकित्सक परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया है. आयोग ने लिखित परीक्षा, इंटरव्यू में प्राप्त प्राप्तांक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर चयन सूची घोषित की है. इस मुख्य सूची में डॉ. रूपाली सरोशे ने संपूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है. डॉ. रूपाली ने दो बच्चों के जन्म के बाद पढ़ाई फिर से शुरू की और अपनी कड़ी मेहनत और लगातार प्रयासों के कारण पहला स्थान प्राप्त किया. डॉ. रूपाली इंदौर की रहने वाली है और उन्होंने सरकारी डेंटल कॉलेज इंदौर से अपना पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया है और अपनी इस सफलता से ना केवल अपने परिवार, समाज अपितु पूरे इंदौर शहर का नाम गौरवान्वित किया है.

### भरोसेमंद व सुरक्षित स्मार्टफोन बनाएगा एआई+स्मार्टफोन

**इंदौर.** भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एक नई पहल करते हुए, एआई+ स्मार्टफोन ने प्रोजेक्ट ट्रस्ट+लॉन्च किया है. इस पहल का उद्देश्य टेक कम्युनिटी के साथ मिलकर देश का सबसे सुरक्षित स्मार्टफोन इकोसिस्टम तैयार करना है. इसके लिए कंपनी अगले पाँच सालों तक हर साल 20 करोड़ रुपए यानि कुल 100 करोड़ रुपये खर्च करेगी. इस घोषणा पर एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज़ के संस्थापक माधव शेठ ने कहा ज्यादातर कंपनियाँ कहती हैं कि उनके डिवाइस पूरी तरह सुरक्षित हैं. हम इसे सिर्फ कहने के बजाय साबित करना चाहते हैं. सच यह है कि कोई भी स्मार्टफोन, कोई भी प्लेटफॉर्म और कोई भी टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम यह दावा नहीं कर सकता कि उसकी सिक्योरिटी का काम पूरी तरह पूर्ण हो गया है. यह हर दिन और बेहतर होती रहती है।प्रोजेक्ट ट्रस्ट+हमारी इसी सोच का हिस्सा है कि भरोसा खुलकर काम करने और सबको साथ लेकर चलने से बनता है।.इसलिए हम भारत की टेक कम्युनिटी को हमारे साथ जुड़ने का न्योता दे रहे हैं, क्योंकि हमारा मानना है कि सबसे सुरक्षित प्रोडक्ट अकेले नहीं, बल्कि मिलकर बनाए जाते हैं.

### वी प्रीपेड यूज़र्स के लिए लाया स्पॉटीफाय प्रीमियम

**इंदौर.** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज तीन नए प्रीपेड रीचार्ज प्लान्स की घोषणा की है, जिसके साथ यूज़र बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्पॉटीफाय प्रीमियम का लाभ उठा सकते हैं, ये प्लान एक ही रीचार्ज पर प्रीमियम म्युज़िक, एंटरटेनमेन्ट और डेटा के बेहतर फायदे- सभी एक साथ देते हैं. ऐसे में ये म्युज़िक के साथ आने वाले सबसे किफ़ायती प्रीपेड प्लान्स हैं. आज के दौर में, खासतौर पर युवा उपभोक्ताओं के लिए म्युज़िक, डिजिटल जुड़ाव का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है. इसी को ध्यान में रखते हुए अपने प्रीपेड पोर्टफोलियो में स्पॉटीफाय प्रीमियम को शामिल कर वी ने प्रीमियम म्युज़िक स्ट्रीमिंग को और अधिक सुलभ बना दिया है, अब वी के यूज़र इसके मुख्य रीचार्ज प्लान्स के साथ बिना किसी रूकावट ऐड-फ्री म्युज़िक, ऑफलाईन डाउनलोड्स और ऑडियो की शानदार गुणवत्ता का आनंद उठा सकते हैं. ज़्यादा एंटरटेनमेन्ट और ज़्यादा डेटा का इस्तेमाल करने वाले यूज़र्स के लिए डिज़ाइन किए गए रु 435 के वी नॉन-स्टॉप हीरो प्रीपेड प्लान के साथ अब स्पॉटीफाय प्रीमियम भी मिलता है, जिसके लिए कोई अतिरिक्त कीमत नहीं चुकानी पड़ती.

### एआई साथी फॉर एजुकेटर्स' लॉन्च किया

**मुंबई.** महाराष्ट्र के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने कोटक एजुकेशन फाउंडेशन के साथ मिलकर मंत्रालय में एआई साथी फॉर एजुकेटर्स' के लॉन्च की घोषणा की. महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री, दादाजी भुसे ने एआई साथी कोर्स का शुभारंभ किया. कोटक एजुकेशन फाउंडेशन के सीईओ गणेश राजा ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की जगह हमेशा सबसे ऊपर रही है, और मुझे लगता है कि एआई को एक ऐसे टूल के रूप में विकसित करना चाहिए जो शिक्षकों की जगह लेने के बजाय उनकी क्षमताओं को और बढ़ाए।एआई साथी फॉर एजुकेटर्स के ज़रिये, हम एआई को समझने, उसे अपनाने और ज़िम्मेदारी से उसका इस्तेमाल करने में पूरे महाराष्ट्र के शिक्षकों की मदद कर रहे हैं. यह पहल इसलिए भी खास है क्योंकि यह मराठी भाषा में उपलब्ध है और कक्षा में इसे उपयोग में लाने ज्यादा ज़ोर दिया गया है. हम आने वाले समय के लिए शिक्षकों का एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं, जिसमें सब शामिल हों और जो उपयोगी होने के साथ-साथ कक्षा की ज़मीनी हकीकत से गहराई से जुड़ा हुआ हो. कोटक एजुकेशन फाउंडेशन की सीओओ जयश्री रमेश ने कहा एआई साथी इस बात की मिसाल है कि नए जमाने की टेक्नोलॉजी और ज़मीनी स्तर पर असर, ये दोनों एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं.

# कांग्रेस के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने हाईकमान के निर्देश पर प्रदेश के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग कर दिए है. इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि शहर अध्यक्ष द्वारा मैदानी कार्यकर्ताओं को पार्टी की जिम्मेदारी सौंपना है. इससे उन लोगों को झटका लगा है जो पार्टी में भोपाल से नियुक्ति पत्र पाकर पार्टी को बजाय निजी हित साधते हैं. खास बात यह है कि इसमें शहर, ब्लॉक एवं वार्ड कमेटी भंग नहीं की गई है.

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रदेश से लेकर शहर के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग कर दिए है. सभी विभाग और प्रकोष्ठों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष की अनुशंसा पर संगठन पुनर्गठन के तहत अध्यक्ष और कमेटी बनाई जाएगी. प्रदेश प्रभारी के उक्त आदेश से शहर में कौमी एकता प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बागड़ी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ शेख अलीम और स्वतंत्रता सेनानी संघ प्रदेश अध्यक्ष अजय सितलानी के पद चले गए. वहीं शहर में अनुसूचित जाति विभाग वीरु झंझोट, पिछड़ा वर्ग दिनेश कुशवाह, अल्पसंख्यक सबर अहमद और आईटी सेल अध्यक्ष नागेश जाधव ने अध्यक्ष पद खो दिया है. इसी तरह विभिन्न प्रकोष्ठ में कौमी एकता गुड्डू यादव, सेल अलंकार रायकवार, पर्यावरण नट्टू भागवत, सांस्कृतिक धवन यादव, शिक्षा यश यादव और उपभोक्ता प्रकोष्ठ कपिल जा सहित करीब 26 विभागों और प्रकोष्ठ भंग किए गए हैं. प्रदेश प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की रिपोर्ट में उपरोक्त पद पर बैठे अधिकांश नेता और पदाधिकारी सिर्फ व्यक्तिगत हित या अपने आंकाओ तक ही सीमित होकर रह गए, कांग्रेस के लिए या तो सिर्फ मुंह दिखाई की जाती है. इसके अलावा कोई सक्रियता नजर नहीं आई है.

### नेताओं का रिपोर्ट कार्ड पहुंचाया

बताया जा रहा है कि ऐसे सभी पद पाने वाले नेताओं का रिपोर्ट कार्ड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी तक पहुंचाया गया है. इसके बाद प्रदेश प्रभारी ने पिछले दिनों हाईकमान अवगत कराया. हाईकमान द्वारा पार्टी के लिए काम नहीं करने की बजाय सिर्फ पद लेकर बैठे सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग करने का निर्णय लिया गया है. उसी आधार पर प्रभारी हरीश चौधरी ने आज दोपहर में पत्र जारी कर दिया.

# कॉलोनी सेल भृत्य पालीवाल 17 लाख के लेनदेन में निलंबित

## कलेक्टर ने विभागीय जांच बैठाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** कलेक्टर ने बुधवार को कॉलोनी सेल विभाग में पदस्थ भृत्य को निलंबित कर दिया. भृत्य के खिलाफ कल जन सुनवाई में शिकायत की गई थी कि पैसा लेकर प्लॉट नहीं दिया. शिकायतकर्ता ने भृत्य के खिलाफ वीडियो रिकॉर्डिंग सहित कई सबूत कलेक्टर को सौंपे. कलेक्टर ने भृत्य के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए हैं.

कलेक्टर शिवम वर्मा ने जनसुनवाई में कॉलोनी सेल विभाग में पदस्थ भृत्य (चेनमैन) कैलाश पालीवाल को निलंबित कर दिया है. साथ ही पालीवाल की विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं. मामल इस प्रकार है कि कॉलोनी सेल के भृत्य कैलाश पालीवाल के खिलाफ प्लॉट दिलाने के नाम पर लगभग 20 लाख रुपए का सौदा करके विभिन्न तिथियों में 17 लाख रुपए लेने की शिकायत की गई. उक्त राशि लेने के बाद भी पालीवाल ने प्लॉट नहीं दिलाया. शिकायतकर्ता द्वारा इस संबंध में वीडियो रिकॉर्डिंग सहित शिकायत की. मामले की गंभीरता को लेकर कलेक्टर वर्मा ने पालीवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए. साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच करने के निर्देश दिए है. आदेश में निलंबन अवधि में पालीवाल को जीवन निर्वाह भत्ता तथा उनका मुख्यालय तहसील देपालपुर किया गया है.

# इंदौर की बिजली व्यवस्था का होगा अत्याधुनिकीकरण

## 33 केवी फीडरों की अंडरग्राउंड कनेक्टिविटी का एमडी ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अनूप कुमार सिंह ने कहा है कि इंदौर महानगर की बिजली व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे.**

उन्होंने कहा कि समय-समय पर नए विकास कार्यों के साथ ही आधुनिक तकनीक और गुणवत्ता के आधार पर रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य भी किए जाएंगे, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके. श्री सिंह ने ये बातें पोलोग्राउंड स्थित चंबल अति उच्चदाब बिजली सब स्टेशन से जुड़े 33 केवी के 16 फीडरों की डक्ट निर्माण एवं अंडरग्राउंड केबल कनेक्टिविटी परियोजना के निरीक्षण के दौरान कहीं. उन्होंने बताया कि लंबे समय से ग्रिडों से फीडरों की कनेक्टिविटी के आधुनिकीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित समय में पूरा किया है.



### गुणवत्ता में होगा सुधार

उन्होंने बताया कि इस परियोजना से शहर के पूर्व संभाग के एमजी रोड, सरवटे और रेलवे स्टेशन क्षेत्र, पश्चिम संभाग के उज्जैन रोड, किला मैदान, एयरपोर्ट रोड एवं जवाहर मार्ग, मध्य शहर संभाग के राजमोहल्ला क्षेत्र तथा उत्तर संभाग के भागीरथपुरा, सांवेर रोड सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा. इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस.एल. करवाड़िया, मुख्य अभियंता राजेश चंद्र जैन, शहर अधीक्षण अभियंता मनेंद्र गर्ग सहित विद्युत वितरण एवं ट्रांसमिशन कंपनी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# श्रेष्ठ संस्मरण अपने भीतर समेटे होता है कई विधाओं के गुण

**इंदौर. इंदौर लेखिका संघ द्वारा देवी अहिल्या पुस्तकालय के संगोष्ठी कक्ष में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह आयोजन लोकप्रिय कवयित्री एवं ज्योति कलश पत्रिका की संपादिका डॉ. सुरेखा भारती की नवीन संस्मरण कृति स्मृति के झरोखे से पर केंद्रित था. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व राष्ट्रकवि सत्यनारायण सत्तन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ख्यातनाम लघुकथाकार डॉ. योगेंद्रनाथ शुक्ल उपस्थित रहे. समारोह की सारस्वत अतिथि इंदौर लेखिका संघ की संस्थापक अध्यक्ष और वरिष्ठसाहित्यकार डॉ स्वाति तिवारी थी.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. योगेंद्रनाथ शुक्ल ने कहा कि संस्मरण साहित्य की एक ऐसी समृद्ध विधा है, जिसमें पाठक एक साथ रेखाचित्र, कहानी और लघुकथा का आनंद ले सकता है. उन्होंने कहा कि सुरेखा भारती ने संस्मरण विधा की सीमाओं का पूर्ण ध्यान रखते हुए अत्यंत सूक्ष्मता से लेखन किया है. अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्ट्रकवि सत्यनारायण 'सत्तन' ने कहा कि यह पुस्तक मर्यादित और सहज भाव से लिखी गई है. उन्होंने लेखिका के आध्यात्मिक संस्कारों की सराहना करते हुए कहा कि श्रेष्ठ संस्मरण अपने भीतर जीवनी, आत्मकथा और लेख आदि कई विधाओं के गुण समेटे होता है. संस्था प्रमुख और कार्यक्रम की संयोजक डॉ. स्वाति तिवारी ने स्वागत भाषण में कहा कि आज के डिजिटल दौर में जहाँ यादें एक बटन से डिलीट हो जाती हैं, ऐसे में संस्मरण किसी विशिष्ट कालखंड का प्रामाणिक दस्तावेजीकरण करते हैं. कार्यक्रम में समीक्षक के रूप में डॉ. ज्योति सिंह एवं डॉ. प्रतीक्षा शर्मा ने पुस्तक का गहन विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया. लेखिका डॉ. सुरेखा भारती ने अपने मनोगत में बताया कि यह कृति 24 व्यक्तित्वों के सजीव संस्मरणों का संकलन है. पुस्तक में शामिल व्यक्तित्वों में से अनिल धड़वाईवाले और डॉ. सुनीता श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए. अतिथियों का स्वागत प्रभा तिवारी, कुसुम सोगानी, कविता चौहान एवं डॉ. रश्मि जोशी ने किया. संचालन कल्याणी गुप्ता कृति ने किया. आभार प्रदर्शन इंदौर लेखिका संघ की महासचिव शीला बड़ोदिया द्वारा किया गया.

इस अवसर पर डॉ. अखिलेश राव, शिशिर उपाध्याय, मुकेश तिवारी, विनीता तिवारी, श्रीमती सत्तन, सरिता काला सहित नगर के कई वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे.

# उत्कृष्ट छात्रावासों में पढ़ाने का अवसर

## अनुभवी शिक्षकों से 15 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने जिले के उत्कृष्ट छात्रावासों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कोचिंग देने के लिए अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाओं से आवेदन मांगे हैं. इच्छुक अभ्यर्थी 15 अगस्त तक संबंधित छात्रावास अधीक्षक के पास आवेदन जमा कर सकेंगे. विभाग ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

विभाग के अनुसार जिले में संचालित सात उत्कृष्ट छात्रावासों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का चयन किया जाएगा. चयनित शिक्षकों को हर माह न्यूनतम 20 कालखंड पढ़ाना अनिवार्य होगा. इसके बदले 300 रुपये प्रति कालखंड की दर से मानदेय दिया जाएगा. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है. बीएड और एमएड योग्यताधारी अभ्यर्थियों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी. उम्मीदवार केवल एक ही छात्रावास के लिए आवेदन कर सकेंगे. जिले में जिन छात्रावासों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें उत्कृष्ट अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मोतीतबेला (इंदौर), कन्या छात्रावास देपालपुर, कन्या छात्रावास सांवेर, बालक छात्रावास संयोगितागंज (इंदौर), बालक छात्रावास देपालपुर, बालक छात्रावास महूगांव और बालक छात्रावास सांवेर शामिल हैं.

# इंदौर में 6 से 10 अगस्त तक जुटेंगे 32 देशों के भू-तकनीकी विशेषज्ञ

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** भू-तकनीकी अभियांत्रिकी और फील्ड मॉनिटरिंग के क्षेत्र का प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 12वां इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स (आईएसएफएमजी-2026) 6 से 10 अगस्त तक इंदौर के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित होगा.

भारतीय भू-तकनीकी सोसायटी (आईजीएस) के इंदौर चैप्टर और आईआईटी इंदौर के संयुक्त आतिथ्य में होने वाले इस सम्मेलन में 32 देशों के 314 विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और अभियंता हिस्सा लेंगे. चार वर्ष में एक बार आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में भू-तकनीकी अभियांत्रिकी, फील्ड मॉनिटरिंग, सेंसर तकनीक, डेटा विश्लेषण, संख्यात्मक मॉडलिंग और भू-पर्यावरणीय इंजीनियरिंग से जुड़े नवीनतम शोध और तकनीकों पर चर्चा होगी.इस वर्ष सम्मेलन की थीम एडवांसेस इन फील्ड मॉनिटरिंग फॉर जियोमैकेनिक्स रखी गई है, जिसमें सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक अवसंरचना के लिए नई मॉनिटरिंग तकनीकों पर विशेष फोकस रहेगा.सम्मेलन में 10 तकनीकी सत्रों के दौरान 120 से अधिक समीक्षित शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे. इसके अलावा छह अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ मुख्य व्याख्यान देंगे, जबकि प्रतिष्ठित द्वितीय डनिक्लिफ व्याख्यान का भी आयोजन होगा.

**एक नजर में** | पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी पर स्वामी केशवाचार्य के चरण पूजन कार्यक्रम

# कर्म क्षेत्र के युद्ध में गुरु ही बन सकता है सहारा : बालक स्वामी

**इंदौर.** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एयरोडम रोड पर बुधवार को स्वामी केशवाचार्य महाराज के चरण पूजन वंदन का कार्यक्रम रखा गया. इंदौर के शिष्यों को 7 सालों के लंबे इंतजार के बाद बालक स्वामी श्री केशवाचार्य महाराज का चरण पूजन का अवसर आषाढ़ के बाद तुरंत सावन मास में मिला.



मंदिर समिति की मनोहर सोनी, सरलाहेड़ा एवं हरिकिशन साबू ने बताया कि कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन के दौरान केशवाचार्य महाराज बालक स्वामी ने कहा कि जीवन के इस कर्म क्षेत्र में जब कभी भी आपकी नैया डूबती नजर आए भगवत स्मरण से भी आप उन परेशानियों से उबार नहीं पा रहे हैं तो अपनी आंखें बंद करके गुरु को पुकारिए गुरु के आशीर्वाद से इस युद्ध से आप जीत जाएंगे. आप अपने चरित्र का निर्माण प्रहलाद की तरह ध्रूव की तरह करें कि आप इतिहास में अजर अमर हो जाए इतिहास बनाने के लिए चरित्रवान बनना बहुत जरूरी है. गुरु अपने भक्त को किसी प्रकार से कष्ट में नहीं रख सकता भगवान सारे जगत का भार अपने ऊपर लेते हैं और गुरु उनका भी भार अपने ऊपर लेकर भक्तों को सद्गुण सत मार्ग की तरफ ले जाते हैं.

### प्रभु वेंकटेश का श्रृंगार किया

कार्यक्रम की शुरुआत में स्वामी जी ने अपने नित्य हवन पूजन के कार्यक्रम को संपन्न किया. तत्पश्चात प्रभु वेंकटेश का श्रृंगार किया गया. 108 नाम से गुरु चरण वंदना मंदिर ट्रस्ट के एवं समिति के शिष्यों द्वारा की गईय श्रद्धालुओं ने कतार बंद्ध होकर गुरु की पूजा की गुरु की इस अवसर पर हुकुमचंद भांगाडिया, हरकचंद बियानी, बंशीधर सोमानी, शारदा साबू प्रदीप साबू बलराम समदानी, राजू मंत्री, अक्षय काबरा रमा शारदा रामहुरकट पदमा सोनी मौजूद थे.